अमेरिका और कनाडा के मध्य मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति

चर्चा में क्यों?

हाल ही में कनाडा और अमेरिका एक नए मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत हुए जिसमें मैक्सिको भी शामिल होगा। इस समझौते में सुधार करने के लिये एक साल से अधिक समय तक चली वार्ताओं के बाद इस पर सहमति बन पाई।

प्रमुख बिंदु

- अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा समझौता (USMCA) लगभग 25 वर्षीय उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते (NAFTA) को अद्यतन और प्रतिस्थापित करता है, जिसे ट्रंप ने बेहद खराब कहा था और उसे रद्द करने की धमकी दी थी।
- अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटथाइज़र और कनाडा के विदेश मामलों के मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड द्वारा संयुक्त बयान में कहा गया है, 'पुनर्लेखन' के परिणामस्वरूप हमारे क्षेत्र में मुक्त बाज़ार, बेहतर व्यापार और मज़बूत आर्थिक विकास होगा।
- छह हफ्तों की गहन बातचीत के बाद दोनों देशों के मध्य कई मतभेदों को सुलझाते हुए सहमति बन पाई है। इस समझौते के तहत 500 मिलियन निवासियों का क्षेत्र समाहित होगा और एक वर्ष में लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर का व्यापार होगा।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, "यह कनाडा के लिये एक अच्छा दिन है।" मैक्सिकन विदेश मंत्री लुइस वीडगेरे ने ट्वीट किया कि यह सौदा कनाडा और उत्तरी अमेरिका के लिये अच्छा है।
- इस समझौते के तहत कनाडा अब अपने डेयरी बाज़ार को अमेरिकी उत्पादकों के लिये खोल देगा और बदले में वाशिंगटन ने विवाद निपटान प्रावधानों को अपरिवर्तित छोड़ दिया।
- कनाडा की आपूर्ति-प्रबंधित डेयरी प्रणाली के तहत, कनाडा प्रभावी ढंग से उत्पादन कोटा और दूध की कीमत निर्धारित करता है, जो उपभोक्ताओं के लिये कीमतें बढ़ाता है लेकिन किसानों को स्थिर आय प्रदान करता है। कनाडा द्वारा लगाए गए 275% तक के टैरिफ ने कनाडा के बाज़ार से अधिकतर देशों के दूध को बाहर रखा है।
- कनाडा ने नाफ्टा (NAFTA) के विवाद समाधान तंत्र को कमज़ोर करने या खत्म करने की अमेरिकी मांगों का विरोध किया था, जिनके मध्यस्थता पैनल का उपयोग कनाडा द्वारा व्यापार विवादों को हल करने और अमेरिकी एंटी-डंपिंग तथा काउंटरवेलिंग ड्यूटी विशेष रूप से अपने महत्त्वपूर्ण लकड़ी उद्योग के खिलाफ बचाव के लिये भी किया जाता था।
- अधिकारियों ने कहा कि कनाडा में डेयरी बाज़ार में बदलाव के साथ-साथ इसमें श्रमिकों के लिये मजबूत सुरक्षा, कठिन नए पर्यावरणीय नियम शामिल किये गए हैं और डिजिटल अर्थव्यवस्था को कवर करने के लिये व्यापार संबंधों को अद्यतन किया गया है। साथ ही यह समझौता अभूतपूर्व बौद्धिक संपदा सुरक्षा प्रदान करता है।
- इसके अलावा, यह व्यापार नियमों के 'हेरफेर' को रोकने के लिये मुद्रा मूल्यों को शामिल करने सहित प्रावधानों को जोड़ता है और शुल्क मुक्त बाज़ार का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे बाहरी देशों पर नियंत्रण करता है।

क्या है नाफ्टा?

- उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (North American Free Trade Agreement-NAFTA) एक व्यापक व्यापार समझौता है जो कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको के बीच व्यापार तथा निवेश के नियम निर्धारित करता है।
- चूँकि यह समझौता 1 जनवरी, 1994 से लागू हुआ था, इसलिये नाफ्टा ने तीनों देशों के बीच मुक्त व्यापार और निवेश के लिये अधिकतर टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को व्यवस्थित रूप से हटा दिया।
- इस समझौते के कारण इन तीनों देशों के बीच माल की ढुलाई पर लगने वाले कर को समाप्त कर दिया गया। ट्रेडमार्क, पेटेंट और करेंसी को लेकर तीनों देशों के बीच व्यापार संबंधी काफी सुगम नियम बनाए गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/us-canada-agree-on-free-trade-pact